गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद।

07/मास्टर प्लान/जीना-6/2026 31/10/26

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल अग्रवाल, श्रीमती वीना मलिक, श्री दीपक कुमार व श्री लगन गुप्ता द्वारा प्राधिकरण द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या–SK-II/44, शक्तिखण्ड–2, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद पर क्षेत्रफल 416.62 वर्ग मी0 भूमि पर मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2025 के क्रम में प्रश्नगत भूखण्ड पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवासीय के अन्तर्गत व्यवसायिक क्रिया हेतु मानचित्र संख्या–GDA/BP/MS/26-27/7321 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन, 2025 के अध्याय–15 के प्रस्तर–15.1.3 (i)(iv) व (v) में उल्लेखित है कि महायोजना भू–उपयोग अथवा अनुमोदित ले–आउट में परिभाषित भू–उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक/स्वागत कक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। कार्यालय में नियत अवधि (15 दिन) में प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जायेगा। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेंगा।

अपर सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।